DB Digital-22 August-2025_Layout 1 8/22/2025 10:24 PM Page 1


# डीबी डिजिटल मीडिया

DB NEWS A Digital Media खबरें ऐसी जो याद रहे

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-07 ■ बालोद, शनिवार 23 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# बालोद पुलिस ने बचाई 205 मवेशियों की जान, ले जा रहे थे उड़ीसा के कत्लखाने, 3 आरोपी गिरफ्तार

**एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने बढ़ाया जिले में मवेशी तस्करों को पकड़ने के लिए अपना नेटवर्क, गौ सेवकों की सूचना पर बालोद पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**









एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में, एएसपी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में जिले में गौ तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने पिछले दिनों एक मीटिंग रखी गई थी। जिसमें गौ-सेवकों को भी संदेहियों पर नजर रखने एवं तत्काल पुलिस को सूचना देने के संबंध में निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारीयों के द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर बालोद क्षेत्र अंतर्गत लगातार जगह बदल- बदल कर एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। दिनांक 20 अगस्त 2025 को शाम गौ सेवकों के द्वारा सूचना दिया गया कि चिरईगुड़ी गांव से मुजगहन की ओर नहर किनारे मवेशियों को हकालते हुए तस्करी करने ले जा रहे हैं। उक्त सूचना पर एसडीओपी बालोद एवं थाना प्रभारी बालोद अपनी टीम लेकर कुछ गौसेवकों के साथ दिए पते पर रवाना हुए एवं घेराबंदी कर तीन लोगो को पकड़े। चेकिग करने पर आरोपीगण से 205 मवेशी, जिसमें 100 गाय, 40 बछिया, 55 बछडा, 10 बैल को क्रुरता पुर्वक मारते ले जाते पाया गया।

जिसे कड़ाई से पुछताछ करने पर बताये कि ग्राम कलंगपुर, फुण्डा, हल्दी से लावारिस मवेशियों को इकठ्ठा करते हुए जंगल रास्ते कोण्डागांव ले जाकर मवेशियों को उड़ीसा हेतु विक्रय करना बताये। उपस्थित पशुओं को गौ सेवकों की मदद से गौशाला में सुरक्षित रखवाया गया एवं थाना बालोद में धारा 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, 11(1)(क) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया।

### ये हैं गिरफ्तार आरोपीगण

युगल किशोर साहू पिता भूषण लाल उम्र 30 वर्ष, ताम्रध्वज साहू पिता पंचूराम उम्र 27 वर्ष और हरीश कुमार साहू पिता एनिल उर्फ अनिल कुमार साहू उम्र 20 वर्ष, तीनों निवासी कजराबंधा थाना रनचिरई जिला बालोद के हैं।

### इनकी रही भूमिका

संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, सउनि राम प्रसाद गजभिए , प्रधान आरक्षक दुर्योधन यादव, आरक्षक बनवाली साहू, आरक्षक मोहन कोकिला, आरक्षक मनोज चन्द्रा, आरक्षक खिलेश नेताम एवं थाना बालोद के संपूर्ण स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### एसपी द्वारा बैठक के निर्देश के बाद हुई है यह बड़ी कार्रवाई

ज्ञात हो कि विगत दिनों एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में पुलिस कार्यालय बालोद में गौवंश तस्करी जैसे अवैध कार्य पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने हेतु बालोद जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों तथा गौ सेवक के साथ मीटिंग आयोजित की गई थी।

इस बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश प्रदान किए गए थे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले की सीमाओं पर रात्रिकालीन एवं आकस्मिक जांच को और सुदृढ़ चेकिंग किया जाए। अंतरराज्यीय व अंतरजिला मार्गों पर निगरानी एवं नाकाबंदी प्वाइंट बढ़ाए जाएं। अवैध रूप से गौवंश परिवहन करने वाले वाहनों को चिन्नांकित कर आकस्मिक चेकिंग करें एवं अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्यवाही करते हुए जप्ती की कार्यवाही कर राजसात की प्रक्रिया करें। गौ-सेवकों के साथ पुलिस समन्वय स्थापित करें एवं सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही हेतु अग्रसर हो , साथ ही कानून के दायरे में रहकर गोवंश तस्करी करने वाले लोगों की पहचान कर कार्यवाही करें। अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों के संपत्ति का चिन्हांकन कर कुर्की की कार्यवाही की प्रक्रिया करने निर्देश दिए गए हैं।पूर्व में हुए अपराध में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने, राजसात वाहनों की नीलामी, फरार आरोपियों के सम्पत्ति का चिन्हांकन और कुर्की की कार्यवाही, गौ-वंश प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किए। मवेशियों के परिवहन के दौरान पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, छत्तीसगढ़ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने थाना प्रभारियों को स्पष्ट हिदायत दिया गया है।

### जवाबदेही तय होगी: एसपी

पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि बीते कुछ माह में पुलिस की सक्रियता से कई गौवंश तस्करी के मामले पकड़े गए हैं, जिनमें आरोपियों को जेल भेजा गया है और वाहनों को जब्त किया गया है। आगे भी इस दिशा में और अधिक सक्रिय गश्त, खुफिया तंत्र की मजबूती, एवं तकनीकी निगरानी का प्रयोग किया जाएगा। गौसेवकों एवं आम जनता से भी अपील की कि यदि किसी को गौवंश तस्करी या अवैध परिवहन की सूचना मिलती है, तो तत्काल निकटतम थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उक्त मीटिंग में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना होने वाले क्षेत्र की पहचान कर क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने निर्देश दिए गए। ऐसे गौपालक जो अपने पशुओं को आवारा छोड़ रहे हैं उनकी पहचान कर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मां कामधेनु गौ सेवादल, हिंद सेना का बैल सजाओ सम्मान समारोह का आयोजन आज

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में 23 अगस्त शनिवार को पोला त्यौहार महापर्व के उपलक्ष्य में मां कामधेनु गौ सेवा दल, हिंद सेना जिला बालोद के तत्वाधान में बैल सजाओ एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के किसान भाइयों को विशेष रूप से अपने बैल जोड़ों को सजाकर लाने की अपील की गई है आए हुए सभी किसानों को इस दौरान विशेष उपहारों से सम्मानित किया जाएगा।




आयोजन की तैयारी में संस्था के प्रमुखजन विजय क्षत्रिय, तरुण नाथ योगी राहुल उपाध्याय, दीपक देवांगन अमजद चौहान, राकेश उपाध्याय विजय सिंह, अंगद साहू, भूपत हटीले युवराज नेताम, दीपक साहू मानदास मानिकपुरी, प्रीतम मयंक ठाकुर, नरसिंह ध्रुव, शिव ठाकुर नीलकमल ठाकुर, रिकी राम विश्वकर्मा, डिजेंद्र कोठारी छोटू पटवा, धर्मेंद्र मिश्रा राजकुमार सेन, दुष्यंत दुष्यंत संतोष ठाकुर, सौरभ यादव, लखन साहू मनोज टाटिया, धर्मेंद्र साहू चोवाराम साहू, दिलेश्वर साहू शैलेंद्र साहू, भूपेश भूतड़ा सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

# कन्हारपुरी के श्री शंकर गौरी गोपाल आश्रम में होती है दिव्यांग गौ माताओं की सेवा

## पोला विशेष: बिना किसी सरकारी मदद के 40 ज्यादा बीमार और दिव्यांग गौ माताओं की सेवा हो रही अभी

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/गुरुर।**

आज शनिवार को छत्तीसगढ़ में पोला पिठौरा का त्यौहार मनाया जा रहा है। जो कि मुख्य रूप से पशुधन की पूजा अर्चना का त्यौहार होता है। इस पोला के पारंपरिक उत्सव पर हम गुरूर ब्लॉक के ग्राम कन्हारपुरी में संचालित हो रहे एक ऐसी गौशाला आश्रम के बारे में बता रहे हैं, जो सिर्फ दिव्यांग और बीमार गौ माताओं के लिए बना हुआ है। लगभग 2 साल से संचालित इस गौशाला आश्रम में वर्तमान में 40 से ज्यादा गौ माता की सेवा हो रही है, वह भी बिना किसी सरकारी मदद के। आपस में ही कथा वाचक दास बंटी गोपाल कुंभज और उनके साथी अमृत सोनी, कमल नारायण साहू द्वारा मिलकर यह गौशाला आश्रम चलाया जा रहा है। जो कि जिले वासियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। इस गौशाला परिवार से जुड़े लोग अपनी-अपनी स्थिति के अनुसार गौ माता की सेवा के लिए अंशदान, अर्थदान आदि करते हैं। किसी का जन्मदिन होता है तो तुलादान के जरिए पशु आहार देने का काम भी यहां किया जाता है। पोला के 1 दिन पहले ही शुक्रवार को 13 साल की एक बच्ची पलक साहू ने अपने जन्मदिन पर अपने



गौशाला प्रमुख दास बंटी गोपाल कुंभज



पलक साहू ने जन्मदिन पर गौशाला में दान किया अपने वजन बराबर पशु आहार



वजन के अनुसार तुलादान करते हुए पशु आहार गौ माता के लिए भेंट किया। इसके पहले भी अन्य गौ माता प्रेमी अपनी-अपने इच्छा से यहां पशुओं की सेवा कार्य के लिए दान करते हैं। गुरुर नगर की बात हो चाहे आसपास के कहीं भी ग्रामीण क्षेत्र, जहां भी गौ माता के घायल होने, बीमार होने की सूचना मिलती है तो गौशाला से जुड़े लोग स्वयं की गाड़ी लगाकर पहुंच जाते हैं और उन्हें उठाकर गौशाला में लाकर सेवा करते हैं। ऐसा पुण्य कार्य 2 साल से जारी है।

### अन्य गौशालाओं की अपेक्षा विशेष है ये आश्रम रूपी गौशाला

जहां एक ओर कुछ गौशालाएं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने मात्र के लिए खोली जाती है और सरकार से अनुदान लेकर गौ सेवा दिखाते हैं। पर उनकी अपेक्षा कन्हारपुरी का यह गौशाला एक आश्रम रूप और सेवा भाव से संचालित हो रहा है। दूसरों की अपेक्षा इस आश्रम की खास विशेषता है। कन्हारपुरी में भागवत कथा से जुड़े लोगों द्वारा मिलकर श्री शंकर गौरी गोपाल असहाय दिव्यांग गौसेवा संस्थान नाम से गौशाला आश्रम खोला गया है। गौशाला में खासतौर से दिव्यांग गौ माता की सेवा की जाती है। भागवत कथा आयोजन के दौरान मिलने वाली दान राशि को पूरी तरह से इस आश्रम गौशाला को चलाने में खर्च किया जाता है। इस गौशाला के बारे में श्री दास बंटी गोपाल कुंभज जी महाराज ने बताया कि जो दुर्घटना का शिकार होते हैं ऐसी गौ माता को यहां लाकर सेवा किया जाता है। वही ऐसे माता-पिता जिनके कोई सहारा नहीं है उन्हें भी यहां मदद की जाती है। भागवत कथा पुराण में जो भी आय होती है उसका पैसा इस आश्रम में लगाया जाता है। 20 से 25 गरीब बच्चों की भी मदद दान राशि से कर चुके हैं। जो बच्चे और दिव्यांग अपनी स्कूल का फीस नहीं पटा पाते उनकी भी मदद करते हैं। जहां गौशाला खुला है वह जमीन अमृत सोनी ज्योतिष आचार्य और कमल नारायण साहू की है। कुछ महीने पहले आश्रम में एक गरीब परिवार की बेटी की शादी भी मिलकर कराई गई थी।

### गौ सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है गौशाला की शुरुआत

गौशाला आश्रम प्रमुख दास बंटी गोपाल कुंभज महाराज ने बताया उन्होंने हरिद्वार से दीक्षा ली है। उन्होंने ऐसा करने के विचार के पीछे बताया कि मुझ पर ईश्वरी कृपा है। पेशे से वे एक मूर्तिकार चित्रकार है और भगवान के चित्र और मूर्तियां बनाते हुए भागवत की ओर प्रेरित हुए। यहां पर मुख्य उद्देश्य विकलांग गौ माता की सेवा करना है।

साथ ही अतिअनाथ माता-पिता की भी सेवा यहां की जाएगी। भागवत कथा के माध्यम से जो भी दान आता है उसका इस्तेमाल यहां होता है। उन्होंने कहा कि आज लोग नारे तो देते हैं गौ हत्या बंद करो लेकिन वही गौ माता जब सड़क पर दुर्घटना का शिकार हो पड़ी रहती है तो उसे कोई उठाने तैयार नहीं होता। यही सीख हम समाज को देना चाहते हैं और गौ सेवा को बढ़ावा दे रहे हैं।गौ माता कहीं भी हो जो हमारी नजर में आते हैं तो उसे यहां लाते। गुरुर क्षेत्र में गौ माता की सेवा को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गौशाला का आश्रम का नाम श्री शंकर गौरी गोपाल आश्रम कन्हारपुरी गुरुर रखा गया है। कहीं भी कोई गौ माता दुर्घटनाग्रस्त रहती है तो लोग यहां पहुंचा सकते हैं। पहुंचाने वाले को भी सहायता राशि दी जाती है।

उन्हें गाड़ी का खर्चा दे दिया जाता है। लोगों से अपील की जा रही है कि कहीं भी गौ माता दुर्घटनाग्रस्त नजर आती है तो सूचना दें और यहां पहुंचाएं। यहां हम डॉक्टर बुलाकर उनकी सेवा करेंगे। कहीं गौ माता दिव्यांग है तो ऐसे गौ माता को जल्द से जल्द गौशाला लाकर उनकी सेवा की जाती है। विकलांग गायों का मुफ्त इलाज होता है।

# क्षेत्र में धूमधाम से आज मनाया जाएगा पोला त्योहार बाजार में रही रौनकता,बच्चे दौड़ाएंगे मिट्टी के बैल

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर**

क्षेत्र में पोला त्यौहार 23 अगस्त यानी आज मनाया जा रहा है। यह त्यौहार भादो माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है, इस दिन बैलों का श्रृंगार कर उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में धूमधम से मनाया जाता है। इस दिन मिट्टी से बने बैलों की पूजा की जाती है। इस दिन हर किसान अपने बैलो की पूजा अर्चना विधि विधान से करते है और किसान के छोटे छोटे बच्चे पोला त्यौहार के दिन मिट्टी से बने बैल जोड़ी व पोरा जाता से खेलते है। किसानों को इस त्योहार का इंतजार रहता है। ब्लॉक मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में भी यह त्यौहार मनाया जाता है। लोगों के बीच पोला की तैयारी जोरो से चल रही है ।बाजारों में बिकने आए मिट्टी से बने नंदी बैल लोगो और बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है,परंतु मौसम की मार के वजह से मिट्टी से बने खिलौने और नंदी बैल बेचने में व्यापारियों को दिक्कत का सामना भी करना पड़



रहा है। व्यापारियों ने बताया यह हमारा पारंपरिक व्यवसाय है इसी से हमारा जीवन चलता है,पिछले बार के तुलना में इस बार व्यापार कम है, आधुनिकता के दौर में अब मिट्टी के बैल कम बिक रहा है। बच्चे आजकल मोबाइल वीडियो गेम की लत में हैं ऐसे में बच्चे और युवा वर्ग पोला के पारंपरिक उत्सव से दूर होते जा रहे हैं। वहीं मौसम के कारण समान को बहुत ज्यादा नुकसान भी हो रहा है। व्यापारियों ने बताया कि इसे बनाने में बहुत मेहनत करना पड़ता है,यह त्यौहार साल में एक बार आता है,लेकिन ग्राहक मेहनत के हिसाब से कम प्राइज देते है,मिट्टी से बने समान सूखने में बहुत टाइम लगता है, नंदी बैल 50 रुपए और मिट्टी के बर्तन 100 रुपए में बेच रहे है। प्लास्टिक और लकड़ी से बने नंदी बैल और पोला तिहार की सामग्री खरीदने के जगह मिट्टी से बने समाग्री लोग ज्यादा खरीद रहे।

### क्यों मनाया जाता है पोला पर्व

पोला पर्व छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृत में पशु-पक्षियों और जीव जंतुओं की सुरक्षा एवं उनके प्रति प्रेम भावना प्रदर्शित की जाती है, पोला पर्व भादो अमावस्या को मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि, पोला के दिन अन्य माता गर्भधारण करती है अर्थात धान की पौधों में दूध भरता है।

# महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास दल का हुआ प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

कन्या महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य सुश्री कलेन्द्री रावटे के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बालोद द्वारा यूथ रेडक्रास दल का प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला शाखा से प्रमुख अतिथियों के रूप में चंद्रशेखर पवार (जिला संगठक) श्रीमती कमला वर्मा (वाइस चेयरमेन जिला शाखा) श्रीमती शशिकला देशमुख, श्रीमती सुशीला जामवंते तथा सुश्री एनुका सार्वा (प्राथमिक सहायता प्रशिक्षक जिला शाखा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपाली (रेडक्रास प्रभारी) के स्वागत उद्बोधन से हुआ तत्पश्चात श्री



चंद्रशेखर पवार द्वारा रेडकास की स्थापना का विस्तृत परिचय दिया गया तथा इसके मुख्य उद्देश्यों को बताया। इसके बाद श्रीमती कमला वर्मा श्रीमती शशिकला देशमुख श्रीमती सुशीला जामवंते ने सड़क दुर्घटना प्रबंधन सर्पदंश मधुमक्खी के काटने से बचाव संबंधी प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी तथा हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी साझा की। सुश्री एनुका सार्वा द्वारा महिलाओं से जुड़े रोगों तथा ब्रेस्टकैंसर विषय पर विस्तार में बताया। कार्यक्रम का समापन रेडक्रास गीत के साथ हुआ तथा प्रभारी प्राचार्य के आभार प्रदर्शन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रो.तरूण कुमार, प्रो. धीवराज भोयर, डॉ अमित कुमार सिंह प्रो संतोष कुमार राना श्री विनोद कुमार साहू डॉ श्रेष्ठा शुक्ला सुश्री जिज्ञासा पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

डीबी डिजिटल मीडिया
प्रिंट मीडिया पार्टनर प्रदेश सत्ता



# यशवंत जैन के प्रदेश भाजपा महामंत्री बनने के साथ जन्मदिन के जश्न में डूबा बालोद शहर

- भव्य रुप में निकला जुलूस,भाजपाइयों में दिखी खुशी की लहर
- नियुक्त नए पदाधिकारियों को भाजपा जिला कार्यालय में भी किया गया सम्मानित
- शहर में 7 बुलडोजर में सवार होकर नारेबाजी के साथ निकले भाजपाई









**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

बालोद शहर से लेकर जुंगेरा भाजपा जिला कार्यालय तक शुक्रवार को भाजपायों के जश्न का माहौल देखने को मिला। अवसर था हाल ही में भाजपा के प्रदेश महामंत्री बने बालोद के दिग्गज नेता यशवंत जैन के जन्मदिन और उनकी नियुक्ति का उत्सव मनाना। भव्य रूप में पहली बार 7 बुलडोजर में सवार होकर भाजपाई नारेबाजी के साथ इस जश्न में शामिल हुए। जगह-जगह पर यशवंत जैन को लड्डू और पौधों से तौलकर लोगों ने खुशियां मनाई। वे जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और अन्य वरिष्ठ नेताओं साथ जिप्सी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। कई जगह पैदल चलते उन्होंने लोगों से आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स,व्यापारी संघ, राइस मिल एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठन के लोगों और महिलाओं द्वारा उनका तिलक वंदन कर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। उनके निवास स्थल पर जमकर आतिशबाजी हुई परिवार के लोगों द्वारा उनकी आरती उतार कर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया । साथ ही शहर वासियों के बीचो-बीच उन्होंने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। बालोद शहर शुक्रवार को पूरी तरह भाजपामय नजर आया। पहली बार इस तरह से बुलडोजर पर सवार होकर रैली निकाली गई थी।

## जन्मदिन के दिन हुआ ऐतिहासिक आयोजन

नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के प्रथम नगर आगमन पर जिले भर के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। संयोगवश आज उनका जन्मदिन भी था, जिससे यह दिन पूरे बालोद के लिए दोहरे उत्सव में परिवर्तित हो गया। श्री जैन जैसे ही अपने गृह नगर बालोद पहुंचे, पूरा शहर बैनर, पोस्टर और भाजपा के झंडों से सजाया गया। घड़ी चौक, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, हलधरनाथ



योगी चौक, मधु चौक सहित पूरे नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से, नारियल, लड्डू और पौधों से तोलकर अभिनंदन किया। इस ऐतिहासिक दिन को विशेष बनाने के लिए भाजपा के साथ-साथ सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने भी भरपूर योगदान दिया। पूरे जिले से आए कार्यकर्ताओं के उत्साह ने आयोजन को गौरवशाली बना दिया। भाजपा के 17 मंडलों से गाजे-बाजे के साथ बाइक रैली निकाली गई जो स्कूल मैदान से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए जिला कार्यालय पहुंची। वहां श्री जैन का पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया।श्री यशवंत जैन के व्यक्तित्व और उनके समर्पित कार्यों की झलक बालोद में देखने को मिली। यह दिन न केवल उनके लिए बल्कि पूरे भाजपा संगठन के लिए गौरव और प्रेरणा का दिन बन गया।

## नव नियुक्त पदाधिकारियो का हुआ सम्मान

वही नगर भ्रमण के बाद भाजपाइयों का काफिला जुंगेरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचा। जहां पर हाल ही में नियुक्त हुए पदाधिकारियो का सम्मान किया गया। इस दौरान यशवंत जैन को प्रदेश भाजपा महामंत्री बनाए जाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तो वही प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर और अन्य जिला स्तर के नियुक्त पदाधिकारियो को भाजपा दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## ये प्रमुख रहे मौजूद

स्वागत समारोह में तीनों विधानसभा क्षेत्रों से हजारों कार्यकर्ता पहुंचे, जिसमें -प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख , पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू , पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला,राजा दीवान, शाहिद खान,महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव,सौरभ लूनिया, उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकर, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर ,पवन सोनबरसा ,कांति सोनेश्वरी, मंत्री सुरेंद्र देशमुख, सोमेश्वरी ,प्रेम साहू चंद्र लता साहू ,पूजा मोंटी यादव, निशा योगी ,कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे ,सह कोषाध्यक्ष मनीष, प्रवक्ता जितेंद्र साहू , किशोरी साहू, देवेन्द्र जयसवाल,कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, पुष्पेंद्र चंद्राकर,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी, तोरण लाल साहू, कमलेश सोनी,प्रमोद जैन, प्रदीप साहू, मोहंतीन बाई चौरका, कुंती बाई देवांगन ,लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, श्रीमती सरस्वती टेमरिया , श्रीमती कांति सोनबरसा, मुकेश कौडो ,पुरुषोत्तम चंद्राकर, लक्ष्मी अशोक साहू, प्रभा नायक, चुन्नी मानकर, चंद्रिका गंजीर ,तेजराम साहू, दिनेश सिंह, भोलाराम नेताम ,नीतीश मोंटी यादव, मनोज दुबे, विजय सोनकर, कुंती सिन्हा ,संजीव मानकर, राजू रावटे ,नेहा उपाध्याय, भाजपा मंडल जुंगेरा अध्यक्ष अरुण साहू एवं जिले से आए समस्त पदाधिकारी गण, जनप्रतिनिधिगण, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता इस अभिनंदन के ऐतिहासिक आयोजन में उपस्थित रहे।

## यशवंत कुमार टंडन का राजस्थान में होगा सम्मान

**डीबी डिजिटल मीडिया अर्जुंदा** -बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम डुड़िया के युवा यशवंत कुमार टंडन पिता श्री हूबलाल टंडन का नाम नेशनल सोशल आइकन अवार्ड 2025 के लिए चयनित हुए हैं। पूरे छत्तीसगढ़ एकमात्र अकेले युवा है, जिनका नाम चयनित किया गया है। यूथ सोशल ग्राम फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समाजिक प्रतीक पुरस्कार 2025 चौथा संस्करण के लिए विजेताओं में से एक को चुना गया है। देशभर से प्राप्त 230 से अधिक नामांकनों में से निर्णायक मंडलों ने समाज में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी है और इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। यह अवार्ड समाज सेवा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 29 अगस्त 2025 को एस.एस. जैन सुबोध स्नातकोत्तर (स्वायत्त) महाविद्यालय जयपुर राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।



## अरीहंत अकादमी, बालोद में विद्यालय के निदेशक यशवंत जैन का मनाया गया जन्मदिवस







**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** अरीहंत अकादमी, बालोद में विद्यालय के निदेशक श्री यशवंत जैन जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश महामंत्री बनने पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। विद्यालय के स्टाफ द्वारा गुलदस्ता भेंट कर श्री जैन जी का स्वागत किया गया। प्रबंधन समिति की ओर से उन्हें शॉल और श्रीफल अर्पित किया गया। इस अवसर पर श्री मोहन नाहटा, श्री मनोहर नाहटा, श्री प्रभाकर जैन, श्री अजय सांखला, श्री रजत जैन एवं श्री दानमल जैन ने उन्हें मालाएँ पहनाकर सम्मानित किया। चेयरमैन डॉ. प्रदीप जैन ने अपने संबोधन में यशवंत जैन जी की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह गौरवपूर्ण दायित्व विद्यालय परिवार और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उन्हें स्वयं द्वारा बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। इस अवसर पर प्राचार्य श्री आलोक श्रीवास्तव ने उन्हें पौधा भेंट कर बालोद को गौरवान्वित करने हेतु शुभकामनाएं दी । पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण रहा तथा उपस्थित सभी लोगों ने यशवंत जैन जी को शुभकामनाएँ दीं।

# राज्य में 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 25 सौ वर्गफुट में होंगे निर्माण

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार





ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाइन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है।

पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

# चुनावी घोषणा पत्र को याद दिलाते हुए स्कूल सफाई कर्मचारियों ने सौंपा मंत्री को ज्ञापन



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा चिकित्सा एवं 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री का आगमन सीटी स्कैन के उद्घाटन समारोह जिला चिकित्सालय बालोद में हुआ था। इस दौरान सर्किट हाउस में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संगठन ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी है जो स्कूलों में साफ सफाई का कार्य करते हैं जिसकी , एवज में मात्र □3400 वेतन दिया जाता है। जिससे परिवार का भरण पोषण नहीं होता, उन्हें कर्ज के सहारे जीवन यापन करना पड़ता है। आज तक 15 वर्ष हो गए हैं कार्य करते लेकिन उनकी मांगों पर कई बार हड़ताल किया गया पर कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा की सरकार ने चुनाव से पहले घोषणा किया था कि हमारी सरकार बनती है तो बनते ही आपकी वेतन में 100 दिनों के अंदर 50% वृद्धि की जाएगी लेकिन आज तक नहीं हुआ कर्मचारी इस कारण नाराज हैं।अगर हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया जाएगा तो आगे उग्र आंदोलन की तैयारी की जाएगी। क्या हैं प्रमुख मांगे .....मोदी की गारंटी के तहत चुनावी घोषणा पत्र में 50% वेतन में वृद्धि तत्काल किया जाए। पूरे 12 महीना का वेतन दिया जाए। युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज हुए शालाओं में कर्मचारियों को यथावत रखा जाए।अंशकालिक को पूर्ण कालीन कर कलेक्टर दर में मानदेय दिया जाए।नियुक्ति पत्र दिया जाए।

# PM किसान नाम से APK फाइल वायरल कर मोबाइल हैक करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

## मोटोरोला मोबाइल के जरिए ई सिम जनरेट कर करते थे लाखों की ठगी

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/डौंडीलोहारा।**

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में बालोद जिले के डौंडीलोहारा पुलिस को साइबर ठगी के गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। PM KISAN APK FILE भेज कर एक बीएसपी रिटायर बुजुर्ग से 12 लाख 13,860 रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के 3 आरोपी को जमुई बिहार से गिरफ्तार किया गया है। साइबर सेल बालोद व थाना डौण्डीलोहारा से बनी विशेष टीम ने यह सफलता पाई । आरोपियों द्वारा ई सिम बनाने के लिए विशेष मोबाइल मोटोरोला कंपनी के EDGE 60 STYLUS का उपयोग करते थे। जिसमें ई सिम रखने का ऑप्शन होता है। आरोपियों के कब्जे से एक टॉप मॉडल वेन्यू कार क्रमांक BR 46 R 9986 तथा आनलाइन उपयोग में आने वाले विभिन्न डिजिटल बैंक खाता jio payment Bank, Judio card, Omni Card तथा PNB ATM Card तथा Motorola Mobile, Check Book, Pass Book एवं 03 नग मोबाइल, एक नग लेपटॉप कुल कीमती जूमला 15 लाख जप्त किया गया है। एसपी योगेश कुमार पटेल, एएसपी मोनिका ठाकुर व एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी



डौण्डीलोहारा निरीक्षक मुकेश सिंह के नेतृत्व में थाना व साइबर सेल से एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु जमुई बिहार राज्य भेजा गया था। टीम द्वारा जमुई बिहार जाकर वहां कैम्प कर लोकल इंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से प्रकरण में 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### इस तरह हुई थी घटना

बीएसपी से रिटायर एक कर्मचारी ने बताया अपने रिटायरमेंट का पैसा अपने पंजाब नेशनल बैंक के खाता में जमा रखा था ।जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी के व्हाट्सएप में पीएम किसान एपीके च फाइल भेज कर उसके व्हाट्सएप, मोबाइल को हैक कर प्रार्थी के पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 12,13,860 रुपए निकाल कर धोखाधडी किया। प्रार्थी के बैंक खाता का एनालिसिस करने पर विभिन्न एप के माध्यम से रकम ट्रांसफर किया गया। आरोपियों के संबंध में संदेही बैंक खातों की जानकारी,केवायसी मोबाइल नम्बर इत्यादि तकनीकी जानकारी एकत्र कर आरोपियों की पुख्ता जानकारी होने पर विशेष टीम को जमुई बिहार रवाना किया गया था। टीम जमुई बिहार पहुंच कर वहां कैंप कर लोकल संनसूचना पर लोकल पुलिस की मदद से संदेहियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपियों को घेरा बंदी कर टीम ने प्रकरण में तीनों आरोपियों को जमुई बिहार से विधिवत गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया।

### पूछताछ में आरोपियों ने किया यह खुलासा

आरोपियों द्वारा बताया गया कि एक ग्रुप में एपीके फाईल को भेजा था जिससे प्रार्थी के मोबाईल के व्हाट्सअप में आये एपीके फाइल को डाउनलोड करते ही उसका मोबाईल हैक कर लिया। उसके ही मोबाइल नंबर के सिम का क्लोन तैयार कर प्रार्थी के नाम का ही ई सिम जनरेट कर लिया और उसके नंबर पर ओटीपी लेकर फोन पे जनरेट कर रकम को अलग -अलग यूपीआई से आनलाईन ट्रांसफर कर कई लेयर में अपने बैंक खातो में डाल कर रकम एटीएम और चेक के माध्यम से निकालना बताया। पकड़े गए गिरोह के एक सदस्य द्वारा एपीके फाइल तैयार किया गया था।

### ये हैं गिरफ्तार आरोपी

1. नीतीश कुमार दास पिता उमेश रवि दास उम्र 22 साल ग्राम झुण्डों थाना खैरा जिला जमुई बिहार।
2. अरविंद कुमार दास पिता प्रमोद दास उम्र 18 साल पता ग्राम बटपाल थाना चकई जिला जमुई बिहार
3. राकेश कुमार दास पिता उमेश रवि दास उम्र 21 साल ग्राम झुण्डों थाना खैरा जिला जमुई बिहार ।

**गिरोह को पकड़ने में इनकी रही भूमिका–** आरोपियों को जमुई बिहार से पकड़ने में मुख्य रूप से थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा से निरीक्षक श्री मुकेश सिंह, साइबर सेल प्रभारी स.उ.नि. धरम भुआर्य, सउनि रुमन सोनवानी, प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह, विवेक शाही,रूम लाल चुरेंद्र, हरीशचंद ,आरक्षक पुरण देवांगन, विपिन गुप्ता राहुल मनहरे, संदीप यादव, मिथिलेश यादव , योगेश पटेल, गुलझारी साहू साइबर सेल, रविशंकर देशलहरे , अजय विनोद, ओमप्रकाश कौमार्य, भूपेन्द्र ठाकुर थाना लोहारा का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

संपादकः माधुरी दीपक यादव, सलाहकार संपादक-यशवंत पुरी गोस्वामी, उप संपादक- मधु दीपक देवदास,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - मुनेंद्र यादव